# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 27.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना शोहरतगढ़ कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पकडी में दिव्यांगजन के साथ संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत आज दिनांक 27.07.2026 को थाना स्थानीय के ग्राम पकडी में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी के दौरान दिव्यांगजन से संपर्क कर हाल-चाल पूछते हुए उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में बताया गया तथा पुलिस की मदद हेतु टोल फ्री नंबर के संबंध में बताया गया। उपस्थित लोगो को सीपीयू टीम का नम्बर उपलब्ध कराया गया। किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 27.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना खेसरहा कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम ककरहिया में दिव्यांगजन/वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बाँसी के कुशल पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत आज दिनांक 27.07.2026 को थाना स्थानीय के ग्राम ककरहिया में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी के दौरान दिव्यांगजन/वरिष्ठ नागरिकों से संपर्क कर हाल-चाल पूछते हुए उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में बताया गया तथा पुलिस की मदद हेतु टोल फ्री नंबर के संबंध में बताया गया। उपस्थित लोगो को सीपीयू टीम का नम्बर उपलब्ध कराया गया। किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

**कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) टीम थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर -**

01. उ0नि0 वीरेंद्र सिंह

02. हे0का0 राहुल सिंह

## प्रेस नोट दिनांक 27.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 27.07.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें भूमि विवाद 02, पारिवारिक विवाद 01, पैसे का लेन-देन से संबंधित विवाद 02. तथा शेष 04 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 27.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ भारत-नेपाल बॉर्डर पर थाना लोटन पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से संयुक्त पेट्रोलिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष हरिओंम कुशवाहा के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 27.07.2026 को थाना लोटन के हरिवंशपुर चौकी पुलिस द्वारा एसएसबी की संयुक्त टीम के साथ भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पिलर संख्या 540 के पास सघन पेट्रोलिंग की गई। पेट्रोलिंग के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की गई। स्थानीय लोगों से वार्ता कर सुरक्षा के संबंध में जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से संयुक्त पेट्रोलिंग किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 27.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना मोहाना पुलिस व SSB ककरहवा द्वारा 21 जोड़ी पायल (सफ़ेद धातु) कुल वजन 651 ग्राम व 01 साइकिल के साथ 01 भारतीय अभियुक्त को बरामद कर अन्तर्गत धारा-11 कस्टम अधिनियम में कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा अपराध एवं अपराधियों व रोकथाम तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में तथा जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना के नेतृत्व में आज दिनांक 27.07.2026 को थाना मोहाना पुलिस व SSB ककरहवा के द्वारा 21 जोड़ी पायल (सफ़ेद धातु ) कुल वजन 651 ग्राम व 01 साइकिल के साथ 01 भारतीय अभियुक्त को सीमा स्तम्भ संख्या 543/01 में चेकिंग के दौरान बरामद किया गया बरामद सामान को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -**

01.परशुराम गुप्ता पुत्र तीरथ गुप्ता उम्र 59 वर्ष ग्राम सलहन्तपुर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 प्रदीप कुमार सिंह प्रभारी चौकी ककरहवा थाना मोहाना

2.हे0का0 आत्मानंद यादव चौकी ककरहवा थाना मोहाना

3.का0 अनुराग तिवारी चौकी ककरहवा

4.उ0नि0सा0 हमीर सिंह SSB ककरहवा

5.आ0सा0 अनुपति राजी रेडी SSB ककरहवा

6.आ0सा0 अनंताराज ऐ0 SSB ककरहवा।

# प्रेस नोट दिनांक 27.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆सिद्धार्थनगर एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा "मिशन मजनू" के तहत थाना क्षेत्र चिल्हिया अन्तर्गत स्कूल-कॉलेज, भीड़-भाड़ वाले स्थानों व मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में , श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में मनचलों एवं रोमियो के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 27.07.2026 को प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वॉड टीम /शक्ति मोबाइल द्वारा मिशन मजनू के तहत थानाक्षेत्र चिल्हिया के पल्टा देवी मंदिर , जगदीशपुर ,रेलवे स्टेशन,चिल्हिया, आदि स्थानों पर महिलाओं और बच्चियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090, 1098, 112, 181, 1930,108,102आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग करते हुए महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही।

**एण्टी रोमियों टीम का विवरण-**

01.उपनिरीक्षक श्रीमती मीरा चौहान प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वाड

02. महिला हेड कांस्टेबल मंजू मौर्य

03.महिला आरक्षी नेहा सिंह एंटी रोमियो स्क्वाड

# प्रेस नोट दिनांक 27.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना पथरा बाजार कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम लौकिया में दिव्यांगजन/वरिष्ठ नागरिकों के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में जनसंवाद/गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 27.07.2026 को ओम प्रकाश मिश्र थानाध्यक्ष थाना पथरा बाजार के नेतृत्व में थाना पथरा बाजार कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम लौकिया डिहवा में कम्यूनिटी पुलिसिंग का आयोजन किया गया, गोष्ठी में सदस्यगण, ग्राम प्रधान, दिव्यांगजन/वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग व सहभागिता से विश्वास कायम करना है। CPU सामुदायिक कल्याण की गतिविधियों के माध्यम से जनता व पुलिस के बीच की दूरी को कम करेगी एवं CPU द्वारा बुजुर्गों से नियमित संपर्क, मदद हेतु सीधा नंबर उपलब्ध कराना, दिव्यांगजनों की सूची बनाकर संवाद, रेलवे स्टेशन/बस स्टैंड पर लावारिस बच्चों व बेसहारा लोगों की मदद, अनाथालय व वृद्धाश्रम में जाकर समस्याएं सुलझाना, मेलों में खोया-पाया केंद्र का संचालन तथा नशा व साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता जैसे कार्य किए जाएंगे। सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही उपस्थित जनों को उच्चाधिकारियों के आदेशों-निर्देशों से भी अवगत कराया गया।

**कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) टीम-**

उ0नि0 मलका प्रसाद

का0 सुदामा यादव

म0 का o बबिता भारती

# प्रेस नोट दिनांक 27.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना इटवा कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम पिपरा पाण्डेय, बरगदवा मे बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों से भेंट कर उनकी समस्याओं के संबंध में पूछताछ की गई तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक इटवा के कुशल नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग युनिट टीम द्वारा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 27.07.2026 को थानाक्षेत्र के ग्राम ककरही में भ्रमण सील होकर जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ नागरिको सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिस टीम***

का 0संजीव कुमार

का 0 रुद्र प्रताप नायक

# प्रेस नोट दिनांक 27.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना उसका बाजार कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सोहास बाजार मे वरिष्ठ नागरिको व दिव्यांगजनों के साथ कम्यूनिटी पुलिसिंग के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी।**

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर द्वारा चलाये जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत, डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 27.07.2026 को प्रभारी निरीक्षक उसका बाजार संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना उसका बाजार कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम सोहास बाजार में कम्यूनिटी पुलिसिंग का आयोजन कर वरिष्ठ नागरिको व दिव्यांगजनों के साथ गोष्ठी की गयी तथा उनकी समस्याओं को जाना गया तथा शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे बताया गया, गोष्ठी में सदस्यगण, ग्राम प्रधान, वरिष्ठ नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच सहयोग व सहभागिता से विश्वास कायम करना है। CPU सामुदायिक कल्याण की गतिविधियों के माध्यम से जनता व पुलिस के बीच की दूरी को कम करेगी एवं CPU द्वारा बुजुर्गों से नियमित संपर्क, मदद हेतु सीधा नंबर उपलब्ध कराना, दिव्यांगजनों की सूची बनाकर संवाद, रेलवे स्टेशन/बस स्टैंड पर लावारिस बच्चों व बेसहारा लोगों की मदद, अनाथालय व वृद्धाश्रम में जाकर समस्याएं सुलझाना, मेलों में खोया-पाया केंद्र का संचालन तथा नशा व साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता जैसे कार्य किए जाएंगे। सभी उपस्थित लोगों ने पुलिस का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही उपस्थित जनों को उच्चाधिकारियों के आदेशों-निर्देशों से भी अवगत कराया गया।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम-**

उपनिरीक्षक रामप्रसाद

हे0का0 सिकन्दर गुप्ता

म0का0 प्रिया सिंह

म0का0 अंशू शुक्ला

# प्रेस नोट दिनांक 27.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ **मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना डुमरियागंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल बैदौला में जाकर छात्राओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 27.07.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज तथा प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना डुमरियागंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल बैदौला में जाकर छात्राओं को महिला अपराध, गुड टच, बैड टच व साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध मे जागरूक किया गया तथा अभियान के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से जागरूक किया। जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम-**

1 . हे0 का0 रामभजन गौंड

2 . का0 मनु कुमार शाह

3.म0 हे0 का 0 छाया

4.  म0 का0 रेनू

5 . रि 0 का0 अभिषेक

# प्रेस नोट दिनांक 27.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना जोगिया उदयपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम देवरा बाजार की महिलाओ/बालिकाओं को नारी सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरुक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 27/07/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बांसी शुभेंदु सिंह तथा थानाध्यक्ष अभय सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम तहत ग्राम देवरा बाजार में मिशन शक्ति/जनचौपाल व बहू/बेटी सम्मेलन के सम्बन्ध में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जाकर बालिकाओं/ महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर से अवगत कराया गया 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 181 वीमेन हेल्पलाइन 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम-**

1. उ0 नि0 नरेंद्र माड़ी गुप्ता
2. उ0 नि0रामशिला
3. म0का0 पूजा यादव
4. म 0हो 0अमिता

# प्रेस नोट दिनांक 27.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆गोरखपुर जोन की 74 वीं अन्तर जनपदीय हाँकी (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता-2026 प्रतियोगिता का आज समापन हुआ।**

**◆अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा प्रतियोगिता में विजयी टीम को पुरस्कृत किया गया व प्रतियोगिता के फाइनल में खेलने वाली टीमों के खिलाड़ियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया |**

आज दिनांक 27.07.2026 को गोरखपुर जोन गोरखपुर की 74वीं अंतर्जनपदीय पुलिस हॉकी महिला /पुरुष प्रतियोगिता 2026 का समापन प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा किया गया तथा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया समापन से पूर्व निम्नलिखित प्रतियोगिताएं हुई-

◆**महिला वर्ग का फाइनल** जनपद गोंडा और कुशीनगर के बीच खेला गया जिसमें पेनाल्टी स्ट्रोक में गोंडा पुलिस की महिला टीम ने कुशीनगर महिला पुलिस को 3-2 से हराकर फाइनल अपने नाम की।

◆**पुरुष वर्ग का फाइनल** जनपद सिद्धार्थनगर व जनपद बस्ती के बीच खेला गया जिसमें जनपद सिद्धार्थनगर की टीम ने बस्ती की टीम को पेनाल्टी स्ट्रोक में 3-1 से हराकर लगातार 5वी बार खिताब पर कब्जा किया।

◆**जनपद सिद्धार्थनगर के** मु0आ0 महेन्द्रनाथ शर्मा व बस्ती के मु0आ0 साजिद को उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किया गया और सिद्धार्थनगर के आ0 अजीत यादव को बेस्ट स्ट्राइकर का इनाम दिया गया जबकि महिला वर्ग में जनपद गोंडा की महिला कांस्टेबल नेहा सिंह को बेस्ट स्ट्राइकर का इनाम दिया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 27.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆इंडो नेपाल बॉर्डर भगवानपुर पर ऑपरेशन कवच व सुरक्षा व्यवस्था के तहत मोहाना पुलिस,SSB टीम व APF नेपाल पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गस्त /चेकिंग किया गया I**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुक्रम में प्रशांत कुमार,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर एवं जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 27.07.2026 को इंडो नेपाल बॉर्डर भगवानपुर पर ऑपरेशन कवच के अंतर्गत रोकथाम तस्करी के तहत पेट्रोलिंग SSB SI पी के गांगटे मय टीम, APF नेपाल पुलिस टीम व पुलिस चौकी प्रभारी लालपुर SI सुदीप कुमार यादव , कांस्टेबल सुशील कुमार व कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार के साथ  संयुक्त रूप से भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गस्त /चेकिंग किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 27.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆आगामी श्रावण मास के दृष्टिगत थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर द्वारा बाबा पलटन नाथ मंदिर निरीक्षण कर पदाधिकारियों एवं स्थानीय सेवादारों से शांति व्यवस्था, श्रद्धालुओं को सुलभ एवं सुरक्षित दर्शन उपलब्ध कराने के सम्बंध में वार्ता किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

आगामी श्रावण माह में पड़ने वाले त्योहारों एवं बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आज दिनांक 27.07.2026 अभय सिंह थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर द्वारा द्वारा बाबा पलटन नाथ मंदिर परिसर का भ्रमण एवं गहन निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, प्रवेश एवं निकास मार्गों तथा ट्रैफिक/पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया गया।इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं स्थानीय सेवादारों के साथ बैठक कर शांति व्यवस्था बनाए रखने, श्रद्धालुओं को सुलभ एवं सुरक्षित दर्शन उपलब्ध कराने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# प्रेस नोट दिनांक 27.07.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास, चेहल्लुम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 27.07.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण मास, कावड़ यात्रा, चेहल्लुम व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।